डुबलिन में आयरलैंड और कतर के बीच मैत्र फुटबॉल मैच में चोटिल हुए टॉय पेरोट पर खडे होने में सहायता करते हुए अन्य खिलाड़ी। फोटो-ईएमएस।

## डेब्यू मैच में नंदिनी ने बनाया रिकार्ड

**चेम्सफोर्ड (ई)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ खेले गये पहले ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में इंग्लैंड को 38 रनों से हरा दिया। भारतीय टीम की जीत में स्पिनर नंदिनी शर्मा की अहम भूमिका रही। नंदनी ने अपने पदार्पण मैच में ही चार ओवरों में 34 रन देकर तीन बड़े विकेट लिए। नंदिनी इस प्रकार टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में दूसरा सबसे बेहतर स्पेल फेंकने वाली गेंदबाज बन गयी हैं। नंदिनी ने एमी जोन्स के अलावा डेनिएल गिब्सन और वोंग के विकेट लिए। वहीं भारतीय टीम की ओर से टी20 अंतराष्ट्रीय के अपने पहले ही मैच में सबसे बेहतरीन स्पेल डालने का रिकॉर्ड सोनिया डबीर के नाम है। सोनिया ने साल 2010 में इंग्लैंड के खिलाफ 23 रन देकर 3 विकेट लिए थे। नंदिनी डेब्यू मुकाबले में 3 विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय गेंदबाज हैं। नंदिनी ने इससे पहले महिला प्रीमियर लीग में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मुकाबलों में 17 विकेट लिए थे। नंदिनी के अलावा भारत की ओर से गेंदबाजी में क्रांति गौड़ ने 4 ओवर के स्पेल में 24 रन देकर 2 विकेट निकाले। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 30 मई को खेला जाएगा।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए भूमिपूजन किया, प्रतियोगिता 5 जून से

**इन्दौर (ई)।** एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष योगेश मेहता, सचिव तरुण व्यास, दीपक रावल, मुकेश पांचोलिया के मुख्य अतिथ्य में लकी वाण्डरर्स स्पोर्ट्स केयर परिवार द्वारा आयोजित होने वाली जिला स्तरीय कबड्डी स्पर्धा का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कन्हैय्या रघुवंशी, संतोष दुबे, राजेश सेठी, संजय बज, दविंदर खनूजा, राजेश नगराले, सूरज गौड़, रितेश मापरे, कीर्ति बाहेती, असलम शेख, आशीष पवार, सुनील ठाकुर, वीरेंद्र चौधरी, देवेश श्रीवास्तव, योगेश गुर्जर, राजेश वर्मा, जया गोड़, प्रिया केथवास, राजेंद्र सातालकर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता 5 जून से 9 जून तक आयोजित की जा रही है।

## मंधाना की कप्तानी में भारतीय टीम ने पहले टी20 में इंग्लैंड को हराया

**चेल्म्सफोर्ड (ई)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां इंग्लैंड को पहले टी20 मुकाबले को 38 रनों से हराकर चार मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। नियमिल कप्तान हरमनप्रीत कौर को आराम दिये जाने के कारण इस मैच में स्मृति मंधाना कप्तानी कर रहीं थीं पर वह बल्लेबाजी में विफल रहीं और अपना खाता भी नहीं खोल पायीं। मंधाना पहली ही गेंद पर पेवेलियन लौट गयीं। मंधाना,इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल का शिकार बनी। गईं। मंधाना किसी टी20 क्रिकेटर अंतरराष्ट्रीय में मैच की पहली गेंद पर आउट होने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। मंधान के आउट होने के बाद युवा बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने 69 रन और यास्तिका भाटिया ने 54 रन बनाकर पारी संभाली। इससे भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 188 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी। केवल विकेटकीपर-बल्लेबाज एमी जोन्स ने 67 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज असफल रहीं। भारतीय टीम की ओर से नंदनी शर्मा ने चार ओवर में केवल 34 रन देकर 3 विकेट लिए। इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर केवल 150 रन ही बना पायी और 38 रनों से हार गयी। मंधाना की कप्तानी मे भारतीय टीम की टी20 अंतरराष्ट्रीय में ये पहली जीत है।

## अंबाती ने यशस्वी को किसी अन्य टीम में जाने सुझाव दिया

हैदराबाद (ई)। पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने कहा कह है कि राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को किसी अन्य टीम में जाना चाहिये। रायडू के अनसार राजस्थान रॉयल्स में जिस प्रकार से है उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी खेल रहे हैं। उसके कारण सभी का ध्यान उनपर है। ऐसे में यशस्वी की अच्छी पारियों पर भी किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। रायुडू के अनुसार इन हालातों में यशस्वी को किसी दूसरी फ्रेंचाइजी के लिए खेलना चाहिये। रायुडू के अनुसार यशस्वी अपने बल पर टीम को मैच जिता सकते हैं पर रॉयल्स में वैभव की चमक में वह पीछे होते जा रहे हैं। रायुडू ने कहा कि यशस्वी को अब ऐसी टीम में जाना चाहिए जहां वह अपने को बेहतर तरीके से स्थापित कर सकें। रायुडू ने कहा, उसे टीम बदलनी चाहिए ?

# गुजरात तीसरी बार IPL फाइनल में

## राजस्थान को 7 विकेट से हराया, गिल का शतक

गुजरात टाइटंस IPL में तीसरी बार फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराया। फाइनल में 31 मई को गुजरात का मुकाबला अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

शुक्रवार को मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 214 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 18.4 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। गुजरात का IPL में यह सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले राजस्थान के लिए वैभव सूर्यवंशी ने 47 बॉल पर 96 रन की पारी में 8 चौके और 7 सिक्स भी लगाए। उनके अलावा रवींद्र जडेजा ने नाबाद 45 रन की पारी खेली। वहीं, डोनोवन फरेरा ने 11 बॉल पर नाबाद 38 रन बनाए। गुजरात की ओर से कगिसो रबाडा और जोसन होल्डर ने 2-2 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को 1-1 सफलता मिली।

राजस्थान रॉयल्सः यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), डोनोवन फरेरा, दासुन शनाका, रवींद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, बृजेश शर्मा, यश राज पुंजा।

गुजरात टाइटंसः साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, जेसन होल्डर, राशिद खान, साई किशोर, कगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज।

इम्पैक्ट ऑप्शंसः राहुल तेवतिया, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, कुमार कुशाग्र, अरशद खान।

# विष्णुपुरी टाइटंस व निरंजनपुर वारियर्स की बड़ी जीत

**इंदौर - चड़दी कला ट्रॉफी सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा का रोमांच अंतिम दौर में पहुंच गया है। प्रतिदिन एक से बढ़कर एक मुकाबले हो रहे है, महिलाओं ने भी अपना कौशल मैदान पर दिखाया, जिसकी हर किसी ने सराहना की।**

### चड़दी कला ट्रॉफी सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा

विष्णुपुरी के सचखंड मार्ग स्थित श्री गुरु अरजन देव जी खेल मैदान पर खेली जा रही इस स्पर्धा में पुरुष वर्ग में हुए मुकाबलों में विष्णुपुरी टाइटंस ने बब्बर शेर इलेवन को आसानी से 8 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बब्बर शेर इलेवन ने 8 ओवर में 4 विकेट पर 63 रन बनाए। बब्बर शेर इलेवन की ओर से प्रिंस ठक्कर ने 21 और कपिल सिंह ने 19 रनों का योगदान दिया। सुरिंदर सिंह ने 3 विकेट अपने नाम किए। जवाब में विष्णुपुरी टाइटंस ने जश्न होरा की 13 गेंदों में 5 छक्कों की मदद से खेली गई 34 रनों की पारी की बदौलत 5.1 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। साथ ही सुरिंदर सिंह ने भी 10 गेंदों में 26 रन बनाए। दूसरे मुकाबले में निरंजनपुर वारियर्स ने खालसा किंग को 9 विकेट से मात दी। खालसा किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 5 विकेट पर 75 रन बनाए। सनी ने नाबाद 26 और गगनदीप सिंह ने 24 रनों की उम्दा पारी खेली। जवाब में सुखविंदर संह की 25, हनी सिंह की 23 और गुंजन छाबड़ा की 27 रनों की पारियों की बदौलत 4.5 ओवर में ही निरंजनपुर वारियर्स ने जीत हासिल कर ली। मुकाबलों के दौरान बॉबी छाबड़ा, विनय पिंगले, सुश्री राजपाल, श्री आहूजा ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर अमरजीत सिंह बग्गा, प्रीतपाल सिंह भाटिया, उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत हरपाल सिंह भाटिया, चरणजीत सिंह सैनी, हरप्रीत सिंह बक्शी, अमरजीत सिंह भाटिया, सुखजिंदर चहल ने किया।

## पांचवा सुपर 12 बास्केटबॉल टूर्नामेंट 1 जून से

इंदौर। पांचवा सुपर 12 बास्केटबॉल टूर्नामेंट 1 से 5 जून तक आगा क्लब बास्केटबॉल कोर्ट पर आयोजित किया जायेगा. टूर्नामेंट में अंडर 21 आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे. इस वर्ष प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के लिए स्किल चैलेंज का आयोजन भी किया जायेगा. जिसके अंतर्गत 3 पॉइंट कॉन्टेस्ट, फ्री थ्रो कॉन्टेस्ट का आयोजन होगा. जिसके माध्यम से खिलाड़ी के व्यक्तिगत बास्केटबॉल स्किल्स का रोमांच भी आकर्षण का केंद्र होगा. स्पर्धा का आयोजन आगा क्लब के 1996 बैच के हीरोज़ द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है..

# तो वैभव पर लग सकती है 50 करोड़ की बोली : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली (ई)। आईपीएल के 19 वें सत्र में जिस प्रकार से राजस्थान रॉयल्स के 15 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी छाये हुए और लगातार नये रिकार्ड बना रहे हैं। उससे उनकी मांग काफी बढ़ गयी है और कई टीमें उन्हें लेना चाहती है। इसी को देखते हुए पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि जिस प्रकार से वैभव की मांग तेजी से बढ़ी है। उसको देखते हुए अगर वैभव अगले सत्र में बड़ी आईपीएल नीलामी में उतरते हैं, तो उन पर 50 करोड़ रुपये तक की बोली लग सकती है, जिससे नीलामी का एक नया इतिहास बन जाएगा। साथ ही कहा कि वैभव सहित इन 5 अनकैप्ड खिलाड़ियों प्रियांश आर्या, प्रभसिमरन सिंह, कार्तिक त्यागी और साकिब हुसैन को भी नीलामी में मोटी रकम मिल सकती है।**

वर्तमान ईपीएल सीजन में वैभव ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उससे सभी हैरान हैं। उन्होंने अपनी टीम के लिए अब तक बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 680 रन बनाये हैं और वह सबसे अधिक रनों के लिए मिलनी वाली ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे हैं। पिछले आईपीएल सत्र में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें केवल 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा था। उनके मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए यह उम्मीद कम ही है कि राजस्थान रॉयल्स उन्हें किसी भी कीमत पर अपनी टीम से जाने देना चाहेगी पर अगर बड़ी नीलामी के नियम बदलते हैं और वैभव नीलामी टेबल पर आते हैं, तो सभी नौ टीमें उन पर अपनी दावं लगाना चाहेंगी। आकाश के अनुसार ऐसे में वैभव पर लगाने वाली मोटी रकम से आईपीएल इतिहास में एक नया अध्याय लिखा जाएगा। उन्होंने भविष्यवाणी की है कि टीमें उन पर 30 करोड़ रुपये तक की बोली लगाने से पीछे नहीं हटेंगी। चोपड़ा ने यह भी कहा कि अगर भविष्य में आईपीएल की रकम बढ़कर 200 करोड़ रुपये तक होती है, तो वैभव सूर्यवंशी 50 करोड़ रुपये में भी बिक सकते हैं। यह आंकड़ा वर्तमान आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी लखनऊ सुपर जाएंट्स के ऋषभ पंत 27 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड को भी ध्वस्त कर देगा। वैभव के अलावा, आकाश ने अगले सत्र के लिए बड़ी नीलामी में मोटी रकम हासिल कर सकने वाले कुछ अन्य अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों में सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज साकिब हुसैन, जिन्होंने अपने पहले ही सीजन में अपनी कमाल की गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया है, उन पर 8-9 करोड़ रुपये तक की बोली लग सकती है। पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह, जो बतौर बल्लेबाज और विकेटकीपर दोनों ही विकल्प देते हैं, उनकी कीमत 10-12 करोड़ रुपये तक जा सकती है। इसके साथ ही, प्रियांश आर्या, जो पिछले दो सीजन से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं उन पर भी 8-10 करोड़ रुपये तक का दांव लग सकता है। कोलकाता नाइट राइडर्स के कार्तिक त्यागी और चेन्नई सुपर किंग्स के आयुष म्हात्रे ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है जिसका लाभ इन्हें मिल सकता है। आयुष म्हात्रे 7 से 10 करोड़ रुपये और कार्तिक त्यागी 10 करोड़ रुपये से अधिक में बिक सकते हैं।

सिंगापुर में महिलाओं के बैडमिंटन ओपन 2026 में चीन की चेन यूफेई रिर्टन शॉट लगाती हुई। फोटो-ईएमएस।

## लखनऊ सुपर जायंट्स में बड़े बदलाव होना तय

मुम्बई (ईएमएस)। आईपीएल 2026 के सत्र में अंतिम स्थान पर रही लखनऊ सुपर जायंट्स में अब बड़े बदलाव की संभावना है। ये भी कहा जा रहा है कि अगले सत्र में टीम में कई स्टार खिलाड़ी नजर नहीं आयेंगे। ऋषभ पंत की कप्तान में टीम 14 मुकाबलों में से केवल चार में ही जीती है। जिससे उसके केवल 8 अंक ही मिले पाये। एक रिपोर्ट के अनुसार इस प्रकार के प्रदर्शन से प्रबंधन नाराज है और अगले सत्र के लिए एक बेहतर टीम बनाना चाहता है। रिपोर्ट्स के अनुसार आगामी आईपीएल 2027 सत्र के लिए होने वाली मिनी नीलामी से पहले कई बड़े और महंगे खिलाड़ियों को टीम से बाहर किया जाना तय है। यहां तक कि कप्तान ऋषभ पंत भी इसस बाहर नहीं है।

टीम ने उन्हें 27 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कीमत पर टीम में शामिल किया था पर करीब दो सत्र बाद भी वह परिणाम नहीं दे पाये हैं। 28 मैचों में उन्होंने सिर्फ 581 रन बनाए, जो उनकी क्षमता के हिसाब से काफी कम हैं। बतौर कप्तान भी उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली नहीं रहा, क्योंकि उनके नेतृत्व में टीम लगातार दो सत्र में प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी। ऐसे में फ्रेंचाइजी अब उनके भविष्य पर गंभीरता से विचार कर रही है और संभव है कि उन्हें अगले सत्र में नई भूमिका या टीम से बाहर का रास्ता देखना पड़ सकता है।

# अश्विन बोले, हेड को लेकर फैसला करे सनराइजर्स

चेन्नई (ईएमएस)। दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि सनराइजर्स हैदराबाद को अगले सत्र से पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड को लेकर कोई फैसला करना होगा। अश्विन के अनुसार हेड का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है। अश्विन के अनुसार राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में जिस प्रकार से हेड लपरवाही से शॉट खेलकर आउट हुए उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। टीम को इस मैच में 243 रनों का बड़ा लक्ष्य हासिल करना था। ऐसे में हेड को जिम्मेदारी से खेलना चाहिये था। इसके अलाव उन्होंने ईशान किशन की भी खराब पारी के लिए आलोचना की है। अश्विन के अनुसार हेड के अलावा सनराइजर्स के अन्य बल्लेबाजों ने भी गैरजिम्मेदाराना शॉट खेलकर अपनी टीम को जीत से दूर कर दिया। उन्होंने कहा कि टीम यह मैच आसानी से जीत सकती थी, खासकर जिस तरह से टीम ने शुरुआती ओवरों में धमाकेदार शुरुआत की थी। अश्विन ने कहा, जब टीम पहले दो ओवर में 32-34 रन और तीन ओवर में लगभग 50 रन बना चुकी थी, तब ईशान किशन का शॉट बिल्कुल गैरजरूरी था। उन्होंने अपना विकेट फेंक दिया। इतने बड़े मैच में ऐसा शॉट खेलने का कोई मतलब नहीं था।

पेरिस के रोला गैरा में फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अमेरिका की कोको गाफ दूसरे दौर का मैच जीतने के बाद उत्साहित होती हुई। फोटो-ईएमएस।

## जिला तैराकी दल घोषित- कुणाल रघुवंशी को नेतृत्व

इंदौर। जिला तैराकी संघ खंडवा द्वारा जिला जिला तैराकी दल घोषित किया गया यह जानकारी देते हुए जिला तैराकी संघ के सचिव पंडित राकेश जोशी ने बताया कि निम्नलिखित खिलाड़ी रीवा में दिनांक 30 म ई में से 3 जून 2026 तक आयोजित 54 राज्य तैराकी स्पर्धा में शामिल होंगे जिले की कमान कुणाल रघुवंशी को दी गई है अन्य खिलाड़ी इस प्रकार हैं दिव्यांश बदौड़े, गगन झा, आराध्य संकट, दैविक अग्रवाल, लक्ष्य सोनवणे, धनंजय पाटीदार खिलाड़ियों के चयन पर पूर्व मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा , श्री रितेश गोयल, एवं जिला तैराकी संघ अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका मालवीय, तथा स्छरू श्री बजरंग बहादुर जी तथा जिला खेल अधिकारी श्री रूप सिंह जी ने बधाई दी


**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**

**विद्युत विभाग**

E-mail: imcvidhyutvibhag@gmail.com

विज्ञप्ति क्र.: 11/26 27/ ई टेंडर C.E/E&M

**निविदा सूचना**

दिनांक: 27/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026-UAD-511000 27.05.2026 | [illegible] | 1 माह 23,07,497/- | ₹2,000/ ₹3,8[illegible]/- | 11.06.2026 5:30 PM |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, डिस्पोजल के निर्माण / विक्रय / उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

नगर निगमायुक्त नगर पालिक निगम, इन्दौर